कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 1650

रायपुर, दिनांक 03/07/2019

प्रेस विज्ञप्ति

पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा (RDP19) –2019 के अंतिम उत्तर एवं परीक्षा परिणाम जारी करने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा दिनांक 17 मार्च 2019 को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, छ.ग. के अंतर्गत पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा–2019 का आयोजन किया गया था ।

उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर दिनांक 26.03.2019 को प्रदर्शित किया गया था तथा दिनांक 01.04.2019 को सायं 5.00 बजे तक सप्रमाण दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया । परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम दिनांक 03.07.2019 को घोषित कर दिया गया है।

प्रदेश के 14 जिलों के लिए विभाग द्वारा पटवारी के पद विज्ञापित किए गए थे । अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिए गए निवास जिले के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया गया है । अभ्यर्थी अपना रोल नंबर टाइप कर परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर देख सकते हैं और प्रिंट आउट भी प्राप्त कर सकते हैं ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

PC

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर